# University in News on 21 April 2020

## i-Next Page 2

# छुट्टियों में पूरा करा देंगे कोर्स

### एलयू वीसी ने लॉकडाउन के बाद शैक्षणिक व्यवस्था पटरी पर लाने की शुरू की तैयारी

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (20 April):** लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने लॉकडाउन के बाद की स्थितियों पर अभी से तैयारी शुरू कर दी हैं. एलयू के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि लॉकडाउन के बाद भी स्थितियों को सामान्य होने में समय लगेगा. हमें एकेडमिक सेशन पटरी पर बनाए रखने के लिए दोगुने जोश से काम करना होगा.

### सबसे पहले थर्ड इयर के एग्जाम

उन्होंने बताया कि सबसे पहले हमारी प्राथमिकता यूजी थर्ड इयर के एग्जाम कराना हैं. लॉकडाउन खुलने के बाद सोशल डिस्टेंसिंग के नियम को ध्यान में रखकर एग्जाम कराया जाएगा. इसके बाद ही सेमेस्टर एग्जाम की तैयारी शुरू होगी.

### कराएंगे कोर्स पूरा

उन्होंने बताया कि यूजी और पीजी के सभी कोर्सेस का सिलेबस ऑनलाइन मोड में पूरा कराया जा रहा है. जब यूनिवर्सिटी खुलेगी तो उससे कम से कम 15 से 20 दिनों तक सभी कोर्स व डिग्री कॉलेजों में क्लासेस रोज चलेंगी. अवकाश के दिन टाइम टेबल बनाकर क्लास लगाई जाएंगी. जिसे सेमेस्टर एग्जाम से पहले सिलेबस और प्रैक्टिकल पूरा कराया जा सके. बिना तीन हफ्तों की पढ़ाई पूरी कराए सेमेस्टर एग्जाम नहीं होंगे.

### एलयू की वेबसाइट से स्टूडेंट्स लें हेल्प

वीसी ने कहा कि एलयू की वेबसाइट पर सब्जेक्ट के हिसाब से कंटेंट लोड कर दिया गया है. जिन कॉलेजों के स्टूडेंट्स को ऑनलाइन कंटेंट नहीं मिल पा रहा है, वे वेबसाइट पर जाकर अपनी पढ़ाई कर सकते हैं. हर कॉलेज को लॉकडाउन की अवधि में ही सिलेबस पूरा कराना होगा. जो कॉलेज ऐसा नहीं करेगा, उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा.

### बदल जाएगी शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर

प्रो. राय ने बताया कि मौजूदा समय में एजुकेशन सिस्टम बदल रहा है. ऑनलाइन पढ़ाई और ई-लर्निंग को बढ़ावा मिल रहा है. लॉकडाउन के दौरान इस फील्ड में जो भी अपग्रेडेशन हुए हैं उससे लॉकडाउन के बाद शिक्षा की तस्वीर बदलेगी. उनके मुताबिक लॉकडाउन के बाद सर्वाधिक नुकसान गैर जरूरी उपभोक्ता सामान से जुड़ी इंडस्ट्री को होगा.



## AMAR UJALA MY CITY Page 5

# रोबोटिक व 3डी प्रिंटिंग के व्यापक उपयोग को समझाया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से सोमवार को बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) स्टूडेंटस के लिए 'मैकेनिकल इंजीनियरिंग पर औद्योगिक क्रांति का प्रभाव' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में एआईएस कंपनी के प्रोडक्शन प्लानिंग एवं कंट्रोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एपी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। वेबीनार का आयोजन डॉ. संदीप कुमार गुप्ता एवं डॉ. प्रशांत कुमार द्वारा किया गया।